दिनांक-07.12.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय का होगा विस्तार, महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने ली समीक्षा बैठक

भिलाईनगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने निगम के कामकाज की समीक्षा की तथा निगम क्षेत्रों में अन्य स्थानों पर और वार्ड कार्यालय खोले जाने को लेकर चर्चा की उन्होंने पुरैना जैसे दूरस्थ स्थलों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए। नगर निगम के अधिकारियों ने निगम द्वारा संचालित योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दी। महापौर श्री यादव एवं निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने राज्य शासन एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं में तेजी लाकर बेहतर परिणाम देने अधिकारियों को निर्देशित किए। श्री यादव ने निगम भिलाई में संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक ली। पोनी पसारी योजना के लिए उपयुक्त स्थल , महिला मदर्स मार्केट मे महिलाओं के लिए रोजगार , विज्ञापन आधारित पद्धति पर उद्यानों का संचालन/संधारण , मंगलभवन, सामुदायिक भवन जैसे भवन का रखरखाव एवं संचालन, पिंक उद्यान निर्माण, गढ़कलेवा आदि विषय पर चर्चा की गई।

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है, जल ही जीवन है''